2021/15

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट — बनाम — **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

श्री घीसूलाल मेघवाल
जाति मेघवाल
निवासी रामपुरा
जिला सिरोही।

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 05 वर्ष 2021

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
27.01.2021	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही को दिनॉक 09.12.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि ग्राम पंचायत खाम्बल पं.सं. सिरोही की प्रधानमंत्री आवास योजना की वरियत सूची में दर्ज क्रंमाक 01 से 112, 152, 153, 156 से 161 का प्रधानमंत्री आवास योजना आई.डी. क्रमांक 201819, 2019–20, 2020–21 को जारी हुई किश्तों का कम्प्यूट्रीकृत तालिकावार ब्यौरा रिपोर्ट की सत्यापित प्रति से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं । मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही को दिनॉक 09.12.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि ग्राम पंचायत खाम्बल पं.सं. सिरोही की प्रधानमंत्री आवास योजना की वरियत सूची में दर्ज क्रंमाक 01 से 112, 152, 153, 156 से 161 का प्रधानमंत्री आवास योजना आई.डी. क्रमांक 201819, 2019–20, 2020–21 को जारी हुई किश्तों का कम्प्यूट्रीकृत तालिकावार ब्यौरा रिपोर्ट की सत्यापित प्रति से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। सूचना विकास अधिकारी, सिरोही से सम्बन्धित होने के कारण अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही द्वारा जरिये पत्र क्रमांक 476 दिनांक 10.12.2020 को विकास अधिकारी पंचायत समिति सिरोही को लिखा गया। चूँकि विकास अधिकारी पंचायत समिति सिरोही के अ[illegible]कारी जिला कलक्टर सिरोही नहीं है। अतः अपीलांट की [illegible] पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो । Signature Not Verified Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal Date: 2021.05.12 16:39:15 IST Reason: SelfAttested (भगवती प्रसाद) जिला कलक्टर, सिरोही	

Scanned with CamScanner